

# बड़नगर में ग्राहक बुलाने की बात पर अनाज व्यापारी की हत्या

- पिता पुत्र ने लात-घूंसों से पीटा,
- दोनों की तलाश

**उज्जैन।** शुक्रवार सुबह बड़नगर में ग्राहक बुलाने की बात पर दो अनाज व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। एक व्यापारी को पिता-पुत्र ने मिलकर लात-घूंसों से पीट दिया। गिरने पर व्यापारी बेसुध हो गया जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। हत्या का प्रकरण दर्ज कर व्यापारी का पोस्टमार्टम डॉक्टरों की पैनल से कराया गया।

बड़नगर के व्यास नगर में रहने वाले 65 वर्षीय राजेन्द्र कुमार पिता सौभागमल लोढा अनाज का व्यापार करते हैं। तुलसी वेयर हाउस के पास उनकी दुकान है। पास में ही ग्राम पलदूना के रहने वाले आदर्श शाह और उसके पिता निलेश शाह की भी दुकान है। सुबह दुकान पर ग्राहक अनाज बेचने आया था। इसी बात को लेकर राजेन्द्र कुमार और निलेश के बीच विवाद हो गया। राजेन्द्र कुमार का कहना था कि ग्राहक उनका है। लेकिन निलेश का कहना था कि ग्राहक उनकी दुकान पर आया है। दोनों के बीच लात-घूंसे चलने लगे। इसी बीच निलेश के पिता भी आ गए और उन्होंने राजेन्द्र कुमार को बुरी तरह पीट दिया। मारपीट में बेसुध होकर राजेन्द्र कुमार जमीन पर गिर पड़े। उन्हें आसपास के दुकानदारों द्वारा उठाने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं उठे। तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लात-घूंसों से हुई मारपीट में अनाज व्यापारी की मौत होने की सूचना पुलिस को मिली तो तत्काल अस्पताल पहुंची। मामले में मर्ग कायम किया गया है। डॉक्टरों की पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार के अनुसार मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर दोनों पिता पुत्र की तलाश की जा रही है।

## युवकों की बाइक डिवाइडर से टकराई, 1 की मौत

**उज्जैन।** शुक्रवार सुबह बड़नगर मार्ग पर तेज गति से दौड़ती बाइक अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक ने मौके पर मौत हो गई दूसरा गंभीर घायल हुआ है। चिंतामण थाना क्षेत्र के बड़नगर मार्ग स्थित गंगेड़ी में सुबह 7 बजे के लगभग बाइक सवार दो युवक तेज गति से गुजरते समय डिवाइडर से टकरा गए। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए थे। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची दोनों को अस्पताल लाया गया लेकिन एक की मौत हो चुकी थी। घायल से पूछताछ में पता चला कि उसका नाम परमजीत पिता राम किशोर चौहान 18 वर्ष निवासी अयोध्या है दुर्घटना में मृतक उसका साथी कमलेश पिता रामदुलार 19 वर्ष है। दोनों अहमदाबाद में ठेके पर लाइट फिटिंग का काम करते हैं। काम खत्म होने पर बाइक से अपने घर अयोध्या लौट रहे थे। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी है। जिनके आने पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।

# कंठाल-सतीगेट मार्ग का चौड़ीकरण कल से होगा शुरू

सिंहस्थ पर फोकस, प्रशासन सख्त, रात में भी हटेंगे प्रभावित मकान-व्यापारियों का सहयोग, सिंहस्थ से पहले बदलेगी शहर की तस्वीर

### कोयला फाटक-छत्री चौक परियोजना में तेजी

**उज्जैन। धार्मिक और व्यावसायिक क्षेत्र जिसे कहा जाता है। वह है गोपाल मंदिर छत्रीचौक और सराफा, यहां पर व्यापारी है तो पुजारी भी है। रहवासी हैं तो बाहर से आने वाले पर्यटक और खरीदार भी है। सकड़ा बाजार है, ऐसे में व्यापारियों ने अपनी मर्जी से विकास में रजामंदी दी है और यह भी कहा है कि टुकड़ों-टुकड़ों में अलग-अलग चरण में तोड़फोड़ ना करें। कंठाल से एक साथ खड़े हनुमान मंदिर, छत्री चौक तक चौड़ीकरण किया जाए ताकि परेशानी ना हो और काम जल्द हो जाए रविवार को यहां जेसीबी पहुंचेगी।**



सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण कार्य को तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में कोयलाफाटक-छत्री चौक परियोजना के तहत कंठाल चौराहा से सतीगेट तक के अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग का चौड़ीकरण अब जमीनी स्तर पर शुरू होने जा रहा है। प्रशासन इस मार्ग को सिंहस्थ के दौरान यातायात और श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए लाइफलाइन के रूप में विकसित कर रहा है।

रविवार सुबह से कंठाल चौराहा से सती गेट तक पहले चरण का काम प्रारंभ होगा। यह इलाका शहर का सबसे घना व्यवसायिक क्षेत्र है, जहां दोनों ओर करीब 70 भवन चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं। कुछ मामलों में कोर्ट से स्टे मिलने के कारण कार्य अटका हुआ था। लेकिन सिंहस्थ की प्राथमिकता को देखते हुए अब चरणबद्ध तरीके से काम आगे बढ़ाया जा रहा है। योजना के अनुसार पहले चरण में कंठाल से गणेश मंदिर तक का हिस्सा, दूसरे चरण में आगे के 100 मीटर और तीसरे चरण में शेष 150 मीटर क्षेत्र को चौड़ा किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में 12 परिवारों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और उन्हें कार्य शुरू होने की सूचना भी दे दी गई है। प्रशासन का फोकस है कि कम से कम बाधा के साथ अधिकतम काम तेजी से पूरा हो।

#### इनका कहना है

जिला प्रशासन और नगर निगम से हमारा यही कहना है कि एक बार कंठाल चौराहे से चौड़ीकरण शुरू कर दिया जाए। तो उसे छत्री चौक तक ले जाए जाएं। खड़े हनुमान मंदिर तक प्रक्रिया एक साथ करे, जनता विकास के साथ है। व्यापारी और रहवासी कोई विरोध नहीं कर रहे, मगर इन्हें अलग अलग चरणों में परेशान न करे। काम जल्द हो, और एक साथ हो।

-रजत मेहता, एम आई सी मेंबर

#### आयुक्त ने संभाला मोर्चा, व्यापारियों का सहयोग

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कोयला फाटक, कंठाल चौराहा और सती गेट मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने पोल शिफ्टिंग, पाइप लाइन, सीआरएम जैसे जरूरी कार्यों को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावित मकानों को हटाने का कार्य रात्रि कालीन शिफ्ट में पूर्ण सुरक्षा और सावधानी के साथ करने के निर्देश दिए, ताकि दिन में व्यापार और यातायात प्रभावित न हो। खास बात यह है कि इस चौड़ीकरण अभियान में स्थानीय व्यापारियों का भी सहयोग मिल रहा है। सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन को देखते हुए लोग स्वयं आगे आकर विकास कार्यों में भागीदारी निभा रहे हैं।

## इंटर्नशिप ड्राइव 2 .0 में 55 छात्रों का हुआ चयन

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री के स्टार्टअप इंडिया मिशन और मुख्यमंत्री के स्थानीय रोजगार सृजन के विजन को गति देते हुए सिंहस्थ मेला कार्यालय स्थित उज्जैन स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर में इंटर्नशिप ड्राइव 2.0 का सफल आयोजन किया गया। इस ड्राइव में बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उज्जैन के 15 से अधिक उभरते हुए स्टार्टअप्स ने योग्य उम्मीदवारों की खोज की। इंटर्नशिप ड्राइव में 150 से अधिक छात्रों ने पंजीयन कराया था। जिनमें से 55 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन किया गया।



वहीं कुछ प्रतिभावान छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पूर्णकालिक अवसरों के लिए भी विचार किया गया है। आयोजन के दौरान छात्रों ने तकनीकी, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, डिजाइन, बिजनेस डेवलपमेंट और ऑपरेशंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में गहरी रुचि दिखाई। कई स्टार्टअप्स ने उम्मीदवारों के कौशल को देखते हुए मौके पर ही उनके इंटरव्यू लिए।

## नगर निगम ने शहर के प्रमुख मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटाए

- फ्रीगंज क्षेत्र में मार्ग को अवरुद्ध कर रहे 10 से अधिक कूलरों को किया जब्त

**उज्जैन।** नगर निगम की टीम अभी शहर की सफाई के साथ अतिक्रमण को हटाने में व्यस्त है। क्योंकि स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर चल रही गतिविधियों में यह भी शामिल है। इसी क्रम में शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों से अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा नियमित रूप से अवैध अतिक्रमण हाथ ठेले, गुमटियों एवं शहर की छवि, सुंदरता को प्रभावित करने वाले अवैध फ्लेक्स, होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई नियमित रूप से जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को फ्रीगंज क्षेत्र, कट चौक, एके बिल्डिंग चौराहा पर कूलर वालों के द्वारा मुख्य मार्ग सड़कों पर कूलर रखे हुए थे जिसके कारण मार्ग अवरुद्ध हो रहा था। जिसे जब्त करने की कार्रवाई की गई। जिसके क्रम में निगम रिमूवल गैंग द्वारा 10 से अधिक कूलरों को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

### एक नजर में



## मयंक शुक्ला ने दिए सफलता के मंत्र

**उज्जैन।** भारतीय जैन संगठना फाउंडेशन द्वारा गुरुवार 23 अप्रैल को करियर कंपास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मार्गदर्शक सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न करियर विकल्पों, वर्तमान अवसरों तथा अपनी रुचि के अनुसार सही दिशा चुनने की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। बीजेएस शहर अध्यक्ष मनीषा ओरा के अनुसार कालिदास मोंटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं करियर काउंसलर मयंक शुक्ला ने अपने प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। मयंक शुक्ला मोटिवेशनल स्पीकर, ब्रॉडकास्ट मीडिया प्रोफेशनल और अकादमिक विशेषज्ञ होने के साथ ही प्रसार भारती और दूरदर्शन से जुड़े रहे हैं। वे विभिन्न गैर सरकारी संगठनों और सरकारी विभागों में नियमित वक्ता के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। उन्होंने नमस्ते ट्रम्प और प्रधानमंत्री के मंडला प्रवास के दौरान लाइव कार्यक्रमों का सफल संचालन भी किया है। कार्यक्रम का जूही सोनेजा ने किया। इस अवसर पर बीजेएस की राज्य अध्यक्ष साशा जैन, अध्यक्ष मनीषा ओरा, सचिव यशवंत, अभा जैन, मानक लाल गिरिया, मंजू बाठिया, प्राचार्य सुधा गौर, प्राचार्य राकेश जोशी, चंचल पाटवा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष मनीषा ओरा ने सभी का आभार माना।



## महिला प्रोफेसरों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**उज्जैन।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय, इंदौर में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत छात्राओं और महिला प्राध्यापकों के लिए कराटे एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विवि के आई ब्लॉक सेमिनार हॉल में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक कर उनमें आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। सेवा भारती की प्रशिक्षक पूजा नागर और मीनाक्षी ने आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कराटे केवल मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। इसका शाब्दिक अर्थ खाली हाथ होता है, जो मानसिक रूप से पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर आत्मबल विकसित करने का संदेश देता है। शिविर में प्रतिभागियों को आत्म-अनुशासन, मानसिक दृढ़ता, शारीरिक फिटनेस, संतुलन और एकाग्रता के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें डॉ. रेवती गुप्ता का विशेष योगदान रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं में अभिलाषा तिवारी, माया बिसेन, रुचिका शुक्ला, संगीता पांडेय, स्नेहा सिंह, किरण राठौर, दीपिका मेहरा और डॉ. मनोज वर्मा का सहयोग रहा। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में छात्राओं व महिला प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।

## अजाक्स के चार नए जिला अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** अजाक्स संगठन द्वारा विभिन्न जिलों में चार नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां आईएएस जेएन कंसोटिया एवं प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के निर्देशानुसार तथा संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी की सहमति से की गईं। नियुक्त पदाधिकारियों में रतलाम से चन्द्रशेखर लश्करी, देवास से हेमराज गोखले, शाजापुर से बीएल पंवार तथा आगर से संतोष जादमे को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। सभी को संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बागड़ी ने बताया कि नए पदाधिकारियों की नियुक्ति से संगठन में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति के बाद सभी नव-नियुक्त जिला अध्यक्षों का पदाधिकारियों द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महेश विरोलिया, आरसी चांगसिया, डॉ. आरएल परमार, नारायण गुजराती, रमेश चंद्र सूर्यवंशी एवं किशोरीलाल सूर्यवंशी ने नव-नियुक्त अध्यक्षों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## बदमाश ने कोर्ट में किया सरेंडर

**उज्जैन।** पुरानी रंजिश में 2 भाईयों पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले बदमाश ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने रिमांड पर लेकर हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद कर गुरुवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के नीलगंगा अखाड़े के पीछे मामा भानेज की दरगाह के पास रहने वाले आकाश पिता नंदकिशोर प्रजापत और उसके भाई अनिल प्रजापत पर 11-12 अप्रैल को पुरानी रंजिश में क्षेत्र के बदमाश विक्की उर्फ कालू पिता सुरेन्द्रसिंह तोमर ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा में अपराध दर्ज कर चाकू मारने वाले बदमाश की तलाश शुरू की थी। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। 10 दिन बाद बदमाश ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। खबर मिलते ही नीलगंगा थाना एसआई मनोहर बडोदिया कोर्ट पहुंचे और बदमाश को एक दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया। इस दौरान सामने आया कि पुलिस गिरफ्त से बचने के लिये उसने अपना हुलिया बदल लिया था और सिर मुंडवा कर फरारी काटने शहर से बाहर चला गया था, लेकिन परिवार से पुलिस की लगातार पूछताछ के दबाव में आकर उसने आत्मसमर्पण कर दिया। रिमांड अवधि में बदमाश से हमले में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद किया गया है। गुरूवार दोपहर को रिमांड पूरा होने पर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में कई अपराध दर्ज होना सामने आये है।

## मुख्यमंत्री के ऐतिहासिक निर्णय पर हार्दिक आभार

- भूमि अधिग्रहण मुआवजा चार गुना करने पर बोले राजेन्द्र भारती

**उज्जैन।** प्रदेश सरकार ने कृषि भूमि के भू-अर्जन मुआवजे को लेकर अभूतपूर्व फैसला लेते हुए अब किसानों को बाजार दर का 4 गुना मुआवजा देने का निर्णय किया है। यह न केवल किसान हितैषी, बल्कि उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम है। यह निर्णय केवल मुआवजा बढ़ाने तक सीमित नहीं, बल्कि किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। बीते वर्षों में 55 हजार से अधिक किसानों को 16 हजार करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है, जिसे अब और बढ़ाते हुए हर वर्ष लगभग 20 हजार करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है।




### प्रदेश के समग्र विकास को बल मिलेगा

बढ़े हुए मुआवजे से सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों, पुलों, रेलवे और अन्य अधोसंरचना कार्यों को नई गति मिलेगी, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को बल मिलेगा और विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प साकार होगा। मोहन सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से किसान भाई खुश हैं और सरकार का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

## मानसिक रोग से जूझ रहे बुजुर्ग को 15 दिन में मिला आराम

- उज्जैन में असाध्य रोगों का नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर

**उज्जैन।** भागदौड़ भरी जिंदगी में उत्पन्न होने वाली गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार के लिए महाकाल की नगरी उज्जैन में एक विशेष नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल 20 से 24 अप्रैल तक युवराज द्वार क्षीर सागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में अपनी नि:शुल्क सेवाएं दे रहे हैं। मरीजों की सुविधा के लिए इस शिविर का समय सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वैद्य जी नाड़ी परीक्षण कर मरीज के बिना बताए ही उसका रोग पहचान लेते हैं। एक ही छत के नीचे मिर्गी, साइनस, माइग्रेन, दमा, भगंदर, बवासीर, पथरी, साइटिका, टीबी, थायराइड, लकवा, गठिया, जोड़ों का दर्द और गुप्त रोगों का इलाज किया जा रहा है।

### मरीजों को मिला नया जीवन

वैद्य संतोष आनंद जायसवाल के उपचार से मरीजों को नया जीवन मिल रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण उज्जैन के निजातपुरा निवासी 73 वर्षीय विमल कुमार अग्रवाल हैं। उनके पुत्र रवि अग्रवाल ने बताया कि सितंबर 2024 में पहली मंजिल से गिरने के कारण उनके पिता के सिर में गंभीर चोट आई थी। शारीरिक चोटें तो ठीक हो गईं, लेकिन सिर की चोट के कारण उनका मानसिक संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया था। परिजनों ने मार्च माह में वैद्य से संपर्क कर इलाज शुरू किया। मात्र 15 दिनों की आयुर्वेदिक दवाइयों के सेवन से ही उनके पिता के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आया।

## 4 गुना मुआवजा, मोर्चा ने बांटी मिठाई

- किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री के फैसले का आभार माना

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का उज्जैन में उत्साह के साथ स्वागत किया गया है। राज्य सरकार ने तय किया है कि किसी भी सरकारी योजना में किसानों की भूमि अधिग्रहित होने पर उन्हें बाजार मूल्य का चार गुना तक मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इस योजना से सीधे तौर पर उन किसानों को लाभ मिलेगा जिनकी जमीनें विकास कार्यों के लिए ली जाती हैं। इस फैसले से जहां किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, वहीं सरकारी योजनाओं के कार्य भी बिना भूमि विवाद के समय सीमा में पूर्ण हो सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्णय पर यशपाल सिंह चावड़ा, दिनेश विश्वकर्मा एवं समस्त किसान मोर्चा परिवार ने आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा नगर जिला उज्जैन द्वारा किसानों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन यादव, पप्पू सिंह किर, अशोक ठाकुर, संजय शर्मा, बद्री लाल हेरा, राजा चौहान, जितेंद्र वाडिया, दिनेश कुंभकार और कन्हैया लाल वर्मा आदि उपस्थित थे।

**महाकाल में उद्योगपति** — महाकाल मंदिर के पुजारी रमण त्रिवेदी को 60 साल तक नित्य भस्मारती के लिए अंतर राष्ट्रीय सम्मान

## टाटा के मैनेजिंग डायरेक्टर व अल्पसंख्यक मामले के सचिव महाकाल आए

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में शुक्रवार को दो बड़ी हस्तियों ने दर्शन लाभ लिए। मंदिर समिति के अधिकारियों ने बताया कि पहले टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल के मैनेजिंग डायरेक्टर गिरीश वाघ महाकाल मंदिर पहुंचे और गर्भगृह के बाहर से खड़े होकर दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। पुजारी राजेश शर्मा ने उनका पूजन संपन्न कराया। मंदिर समिति वाघ का स्वागत किया इसके बाद भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय के सचिव डॉ. श्रीवत्स कृष्णा भी महाकाल मंदिर पहुंचे और सुबह की भोग आरती में शामिल हुए।





**त्रिवेदी को सम्मान-** ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी रमण त्रिवेदी को लगातार 60 वर्षों तक भस्मारती में शामिल होने के लिए अंतर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया जा रहा है। पुजारी पं. समाहित त्रिवेदी ने बताया वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स द्वारा नेपाल में उन्हें यह विशेष सम्मान दिया जाएगा। पुजारी त्रिवेदी को यह सम्मान उनके द्वारा संपूर्ण जीवन भगवान महाकाल जी की सेवा को समर्पित करने के लिए देंगे। इस रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट पं. त्रिवेदी भगवान श्री पशुपतिनाथ जी को नेपाल और महाकाल जी को उज्जैन में समर्पित करेंगे। पुजारी त्रिवेदी न केवल 60 वर्षों तक नित्य भस्मारती में शामिल हुए बल्कि शयन आरती भी की। इतना ही नहीं उन्होंने मंदिर के शिखर पर सोना चढ़ाने की योजना को भी अपने प्रयास से आरंभ कराया। नेपाल में काठमांडू सरकार के सहयोग से वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के सम्मान का आयोजन होगा। जिसमें भाग लेने हेतु पं. त्रिवेदी धर्मपत्नी निर्मला देवी और परिवार के साथ 29 अप्रैल को उज्जैन से नेपाल रवाना होंगे।

## चित्रगुप्त प्रगट उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की उज्जैन इकाई द्वारा भगवान चित्रगुप्त का प्रगट उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तट पर स्थित अति प्राचीन मंदिर में, सृष्टि के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की प्रात: विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजन-अर्चन के पश्चात भगवान चित्रगुप्त को हलवा, खीर, पेड़े और केले का भोग लगाया गया। इसके उपरांत नदी के घाट पर आए सभी तीर्थयात्रियों व श्रद्धालुओं को यह प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में आरती खरे, डॉ. संध्या सक्सेना, अलका श्रीवास्तव, सरोज बाला श्रीवास्तव, सुषमा खरे, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, निखिलेश खरे, विजय माथुर और मास्टर श्रीवास्तव सहित समाज के कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## श्रीरामलला मंदिर शिखर पर कलश स्थापित

**उज्जैन।** वैशाख मास अष्टमी महापर्व में रामघाट स्थित श्रीरामलला मंदिर के शिखर पर हर्षोल्लास से कलश स्थापना की गई। मंदिर के पुजारी पं नारायण त्रिवेदी ने बताया कि श्री वाल्मीकिधाम के पीठाधीश्वर बालयोगी उमेशनाथजी महाराज के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान रामघाट पर निरंतर सेवा देने वाले सफाई मित्रों का सम्मान बालयोगी उमेश नाथ महाराज द्वारा किया गया एवं भोजन का वितरण किया गया इस अवसर पर पूजा अमृतेश त्रिवेदी, अर्पित जी शुक्ल, रितेश त्रिवेदी, अम्रतेष त्रिवेदी, मोहन त्रिवेदी, मनीष डब्बावाला, राकेश जोशी, ऋषभ त्रिवेदी, शुभम डब्बावाला अनमोल गुप्ता अर्जुन कहार आदि मौजूद रहे।

## श्री चित्रगुप्त दर्शन यात्रा का अभिनंदन किया

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में 23 अप्रैल 2026 की शाम श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव के अवसर पर श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा टावर से चित्रगुप्त घाट तक निकाली गई। मालीपुरा में उज्जैन परस्पर सहकारी बैंक परिवार द्वारा माला, पुष्पमाला, पुष्पवृष्टि तथा केसरिया सरोपा से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर हरदयालसिंह एडवोकेट, एसएस शर्मा तथा राम सांखला, गीता रामी तथा पंकज कवठेकर सहित बड़ी संख्या में बैंक परिवार उपस्थित था।